आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.05.2026 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नॉर्वे की राजधानी ओस्लो पहुंचे। श्री मोदी भारत—नॉर्डिक सहयोग को नई दिशा देने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- कांग्रेस नेता वी.डी सतीशन ने बीस मंत्रियों के साथ केरलम् के मुख्यमंत्री पद की शपथ लीं।
- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान और भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण द्वारा संकटग्रस्त समुद्री प्रजातियों के संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- लिटिल अंडमान के लिए निर्धारित एम वी कैम्पबेल बे की चौबीस मई को होने वाली यात्रा रद्द की गई। नई यात्रा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नॉर्वे की राजधानी ओस्लो पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। श्री मोदी नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गर स्टोरे के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और तीसरे भारत—नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। आज प्रधानमंत्री नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम और रानी सोन्या से मुलाकात करेंगे। वर्तमान में भारत और पांच नॉर्डिक देशों के बीच व्यापार का मूल्य 19 अरब डॉलर है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने स्वीडन की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी इस यात्रा के कई महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत पिछले 12 वर्ष से सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मूल मंत्र पर काम कर रहा है। उन्होंने स्वीडिश कंपनियों से विनिर्माण, हरित हाइड्रोजन अभियान, स्वच्छ ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में उपस्थिति बढ़ाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

केरलम के तिरुवनंतपुरम में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी. डी. सतीशन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने यू डी एफ सरकार के बीस नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। नई कैबिनेट में शामिल सोलह सदस्य पहली बार मंत्री बने हैं। इसमें कांग्रेस पार्टी के ग्यारह प्रतिनिधि हैं, जबकि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के पांच मंत्री हैं। नई सरकार में शामिल वरिष्ठ नेताओं में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चेन्निथला, वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी जोसेफ, के. मुरलीधरन और इंडियन यूनियन

मुस्लिम लीग के नेता पी. के. कुन्हालीकुट्टी शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद आज नई बनी सरकार ने अपनी पहली आधिकारिक कैबिनेट बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वी. डी. सतीशन को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में केरलम की नई सरकार को हर संभव सहयोग का आश्वासन देती है।

<><><><><><><>

आयकर विभाग, द्वारा नए आयकर अधिनियम–2025 एवं नए आयकर नियम–2026 पर श्री विजयपुरम में कल सुबह 10 बजे आपदा भवन, के सम्मेलन कक्ष में सम्पर्क कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय हितधारकों एवं करदाताओं को नए आयकर अधिनियम और नियमों की जानकारी प्रदान करना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा बारह के परीक्षा परिणाम 2026 के अंकों के सत्यापन एवं पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कार्यक्रम जारी किया है। छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। राज्य नोडल अधिकारी ने छात्रों को ऑनलाइन आवेदन से पहले अधिसूचना में दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। आज नई दिल्ली में 'भारत व्यापार महोत्सव' की वेबसाइट लॉन्च करते हुए, श्री गोयल ने कहा कि आगे बढ़ने का उत्साह कभी कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के प्रति भारत के उद्योगों, व्यापारिक समुदाय और लोगों में हौंसला इतना मजबूत है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को रोक नहीं सकती।

<><><><><><><>

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला समुद्री दिवस के अवसर पर महिला नाविकों के अदम्य साहस को नमन किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोनोवाल ने कहा कि नीतिगत सुधारों के कारण भारत में महिला नाविकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास और वैश्विक समुद्री क्षेत्र को एक उज्ज्वल समावेशी भविष्य की ओर ले जा रही है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, ने भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण के सहयोग से पिछले दिनों "संकटग्रस्त प्रजाति दिवस" पर कार्यशाला–सह–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुदुचेरी के पचपन मछुआरों, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को समुद्री संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एम. मुरुगानंदम ने संकटग्रस्त जलीय प्रजातियों की स्थिति, संरक्षण और प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कोरल रीफ, मैंग्रोव, सीग्रास, मुहानों, नदियों, खुले महासागरों एवं तटीय पारितंत्रों की जैवविविधता तथा समुद्री स्तनधारियों, मछलियों और समुद्री शैवाल जैसी प्रजातियों का उल्लेख किया। उन्होंने "फिशिंग डाउन द ओशन" की अवधारणा स्पष्ट करते हुए जलवायु परिवर्तन और जिम्मेदार मत्स्यन प्रथाओं पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने डुगोंग संरक्षण, समुद्री कछुओं के तटों की सुरक्षा, शार्क एवं रे प्रजातियों के संरक्षण तथा रीफ पुनर्स्थापन उपायों के महत्व पर भी बल दिया। इस अवसर पर मरीन मैकेनिकल इंजीनियर के बाल नायक, मत्स्य वैज्ञानिक डॉ.सी. बाबू और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के डॉ. मृणाल कुमार दास सहित मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों से चौबीस मई को होने वाली एम.वी. कैम्पबेल बे की लिटिल अंडमान यात्रा को रद्द कर दिया गया है। जिन यात्रियों के पास टिकट हैं उन्हें टिकट का पूरा मूल्य वापस किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इसके स्थान पर अब एम.वी. सिंधु चौबीस मई को सुबह आठ बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अंडमान के लिए प्रस्थान करेगा तथा उसी दिन रात नौ बजे लिटिल अंडमान से राजधानी श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। एम.वी. सिंधु के टिकट कल सुबह नौ बजे से आम जनता के लिए उपलब्ध होंगे। टिकट DSS ई–टिकटिंग पोर्टल dss.andamannicobar.gov.in/eticketing के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त STARS टिकट काउंटर से भी टिकट खरीदे जा सकते हैं। सुविधा हेतु ई–टिकटिंग पोर्टल के लिए QR कोड भी उपलब्ध कराया गया।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा, राजधानी श्री विजयपुरम में फुटबॉल (बालिका), कयाकिंग और कैनोइंग तथा रोइंग विधाओं में खिलाड़ियों के चयन के लिए 23 मई को ट्रायल आयोजित

किए जाएंगे। चयन ट्रायल आवासीय योजना के अंतर्गत उपलब्ध रिक्तियों के लिए होंगे। कयाकिंग और कैनोइंग तथा रोइंग विधाओं के लिए न्यूनतम 15 मीटर तैराकी क्षमता रखने वाले तथा जिला, राज्य एवं स्कूल स्तरीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेता खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक खिलाड़ियों से 23 मई को सुबह साढ़े नौ बजे साई, श्री विजयपुरम में प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया हैं।

<><><><><><><>